## एक नजर

### पशुओं को चराने गया युवक गंगा में गिरा

**सहसवान,अमृत विचार :** कोतवाली सहसवान क्षेत्र के गांव कुकरैया निवासी धरमी (35) शनिवार सुबह अपने पशुओं को चराने के लिए खेतों की ओर गए थे। वह पशुओं को चराते गंगा किनारे पहुंच गए। वह गंगा किनारे ढांग पर खड़े थे। इसी दौरान ढांग गिर गई और वह गंगा में बह गया। आसपास मौजूद लोगों ने शोर मचाया । सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे। परिजनों ने ग्रामीणों के साथ मिलकर गंगा में युवक की तलाश की। देर शाम तक युवक का पता नहीं चला।

### चाहरदीवारी निर्माण में अनियमितता का आरोप

**विजय नगला, अमृत विचार :** विजय नगला निवासी धर्मेंद्र कश्यप, सुरेंद्र, मनमोहन, अमर सिंह, शानू खान, रूपराम, आकाश आदि ने डीएम से शिकायत की कि उनके गांव में विधायक निधि से बरात घर बनाया गया था। आरोप लगाया कि ठेकेदार चाहरदीवारी के निर्माण में अनियमितता कर रहा है। ग्रामीणों ने सही नाप कराकर चाहरदीवारी बनवाने की मांग की है। लेखपाल सुरेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की शिकायत मिली है।

# सुरंग बनाकर चोरों ने पांच लाख के नगदी-जेवर समेटे

## कुंवरगांव क्षेत्र के गांव दहेमी में शुक्रवार रात आंगन में सोता रहा परिवार, चोरों ने घर खंगाला

संवाददाता, कुंवरगांव



मकान में घुसने के लिए चोरों ने बनाई सुरंग। ● अमृत विचार



चोरी के बाद घर में बिखरा पड़ा सामान। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** शनिवार रात गांव दहेमी के एक घर के आंगन में परिवार के सदस्य सोते रहे और चोरों ने मकान के पीछे से लगभग तीन मीटर लंबी कमरे तक सुरंग बनाई और उसके जरिए घर में प्रवेश करके आराम से घर को खंगाल डाला। चोरों ने यहां से 1.90 लाख रुपये के नगदी, सोने-चांदी के आभूषण समेत पांच लाख रुपये की चोरी कर ली है। परिवार सुबह उठा तो सामान फैला देखकर चोरी की जानकारी हुई। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची। मामले की जांच शुरू कर दी गई है।


सिविल लाइन क्षेत्र के गांव दहेमी निवासी सत्यभान सिंह पटेल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि शुक्रवार की रात वह और उनका परिवार घर के बाहर आंगन में सो रहा था। रात में चोरों ने मकान के पीछे से दीवार तोड़ दी। मिट्टी के नीचे से सुरंग बनाई। चोर सुरंग के रास्ते मकान के भीतर दाखिल होते हुए बेड के नीचे तक पहुंचे थे। भीतर से कमरे की कुंडी बंद कर दी। चोरों ने रात में एक लाख 90 हजार रुपये की नगदी, घर की अलमारी में रखी सोने की आठ अंगूठी, एक तोले की चेन, दो तोले की झुमकी, एक ताले के झाले, दो तोले का हार, चांदी की तीन जोड़ी पायल चोरी करके ले गए। चोर सामान लेकर सुरंग से होते हुए भाग गए। चोरों ने गांव में उनके पड़ोसी प्रमोद पटेल के घर से भी चोरी का प्रयास किया। आहट होने पर प्रमोद पटेल के परिजन जाग गए थे। जिसके चलते चोर चोरी में असफल रहे। सत्यभान सिंह का परिवार शनिवार सुबह जागा तो कमरे का सामान फैला पड़ा था। बेड के नीचे सुरंग थी। उन्होंने सिविल लाइन पुलिस को घटना के बारे में अवगत कराया। पुलिस मौके पर पहुंची। मौका मुआयना किया। परिजन और ग्रामीणों से जानकारी की। ग्रामीणों ने बताया कि गांव और आसपास लगातार चोरी की घटनाएं हो रही हैं। शिकायत करने के बाद भी पुलिस ने कार्रवाई नहीं की थी। नवादा चौकी इंचार्ज सुमित चौधरी ने बताया कि गांव दहेमी में चोरी का मामला सामने आया था। तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की जा रही है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

- **चोरों ने पीछे खेत से बनाई सुरंग कमरे में घुसकर भीतर लगाई कुंडी और साफ कर दिया माल**



घर से चोरी की जानकारी देते सत्यभान सिंह पटेल।

# काकोरी ट्रेन एक्शन समारोह में भाषण और निबंध प्रतियोगिता



निबंध प्रतियोगिता में भाग लेते छात्र- छात्राएं। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** राजकीय महाविद्यालय में कल्चरल क्लब के तत्वावधान में चल रहे काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह के दूसरे दिन भाषण एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

डॉ. सरिता के निर्देशन में आयोजित निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान स्वाति मौर्य ने प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर नीति सक्सेना रहीं। तीसरा स्थान संयुक्त रूप से इशराक अहमद और सूर्यांश सक्सेना को मिला। अखिल राज यादव एवं गौसिया का निबंध सांत्वना की श्रेणी में रखा गया। निर्णायक की भूमिका डॉ बबीता यादव, डॉ. हुकुम सिंह और डॉ सारिका शर्मा ने निभाई।

डॉ प्रेमचन्द के निर्देशन में सम्पन्न भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान संयुक्त रूप से अनूप सिंह यादव एवं गौसिया को प्राप्त हुआ।

इस अवसर पर डॉ. श्रद्धा गुप्ता, डॉ. नीरज कुमार, डॉ. गौरव कुमार सिंह, डॉ. दिलीप कुमार वर्मा, डॉ प्रियंका सिंह, डॉ. सचिन कुमार, डॉ. राशेदा खातून, डॉ. जुनेद आलम आदि ने सहयोग किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. राकेश कुमार जायसवाल ने किया।

# ट्रैक्टर के बोनट से गिरकर मजदूर की मौत

संवाददाता, उघैती



मजदूर की मौत के बाद मौके पर पहुंचकर जानकारी करते थानाध्यक्ष राजेश कौशिक।

**अमृत विचार :** थाना उघैती क्षेत्र में रानेट-इस्लामनगर मार्ग पर ट्रैक्टर के बोनट से नीचे गिरकर एक मजदूर की मौत हो गई। परिजनों ने चार लोगों पर ट्रैक्टर से धक्का देकर हत्या करने का आरोप लगाया है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

उघैती क्षेत्र के गांव सराय बघौली निवासी जय सिंह (45) पुत्र शिवलाल मजदूरी करके अपने परिवार का पालन पोषण करते थे। शनिवार को वह अन्य मजदूरों के साथ ट्रैक्टर और लिंटर डालने की मशीन लेकर गांव करनपुर गए थे। काम निपटाने के बाद वह सभी रात नौ बजे ट्रैक्टर से वापस लौट रहे थे। ट्रैक्टर में लाइट नहीं थी। जय सिंह ट्रैक्टर के आगे बोनट पर बैठे थे। रानेट-इस्लामनगर मार्ग पर एक पेड़ की टहनी लटकी हुई थी।

- **परिजनों ने चार लोगों पर ट्रैक्टर से धक्का देकर हत्या करने का लगाया आरोप**



मृतक जय सिंह।

अंधेरा होने की वजह से पेड़ की टहनी जय सिंह के कंधे पर जा लगी। वह चलते ट्रैक्टर से नीचे जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। साथी मजदूर घायल को बिसौली के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां चिकित्सक ने जय सिंह को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर उनकी परिजन चीत्कार करते हुए पहुंच गए। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। थाना प्रभारी राजेश कौशिक ने बताया कि युवक की मौत हुई थी। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। मामले की जांच करके आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# जिला अस्पताल में एक घंटे गुल रही बिजली

**बदायूं, अमृत विचार :** जिला अस्पताल में शनिवार को सुबह आठ बजे से लेकर नौ बजे तक बिजली सप्लाई ठप रही। बिजली गुल होने से मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

जिला अस्पताल में बिजली सप्लाई अभी तक ठीक नहीं हो पा रही है। हर रोज दो से तीन घंटे बिजली गुल रहती है, जिससे हर रोज मरीजों व तीमारदारों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। शनिवार को सुबह आठ से नौ बजे तक बिजली गुल रही। बिजली गुल होने के कारण वार्ड में भर्ती मरीजों को दिक्कत हुयी। हालांकि शनिवार होने के कारण अस्पताल जल्दी बंद हो गया फिर भी मरीज परेशान रहे। यहां पर बिजली घर की मरम्मत की गयी है और अलग लाइन से जोड़ा गया है जिससे अस्पताल की बिजली बाधित न हो, फिर भी यहां की स्थिति पहले जैसे ही बनी है।

# नरौरा से छोड़ा जा रहा पानी, बाढ़ का खतरा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **रामगंगा का जलस्तर भी बढ़ा ग्रामीणों में फैलने लगी दहशत**
- **कछला गंगा में खतरे के निशान से 29 सेमी ऊपर पहुंचा जलस्तर**



उसहैत क्षेत्र में बांध से टकरा रहा गंगा का पानी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** गंगा में लगातार बढ़ रहे पानी से तटवर्ती इलाकों में एक बार फिर बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। कछला में गंगा का जलस्तर खतरे के निशान से 29 सेमी ऊपर पहुंच गया है। रामगंगा में पानी लगातार बढ़ रहा है। दातागंज और हजरतपुर इलाके में बाढ़ की आशंका को लेकर ग्रामीणों ने गांव से बाहर निकलने की तैयारी शुरू कर दी है। हालांकि अभी तक स्थिति सामान्य बताई जा रही है।

नरौरा बैराज से शनिवार को 96 हजार 287 क्यूसेक पानी गंगा में डिस्चार्ज किया गया। जबकि एक दिन पूर्व 77 हजार से अधिक पानी नरौरा से छोड़ा गया। यह पानी यहां गंगा में पहुंच चुका है। शुक्रवार को छोड़ा गया पानी गंगा में आ जाने से कछला गंगा खतरे के निशान से 29 सेमी ऊपर पहुंच गई है। इससे उसहैत इलाके में एक बार फिर तटवर्ती इलाकों में बाढ़ की आशंका जताई जा रही है। ग्रामीणों ने ऊंचे स्थानों की ओर निकलने की तैयारी कर ली है। जटा गांव के पास तक गंगा की धार का पानी पहुंचने वाला है जिससे ग्रामीणों में दहशत है। शनिवार सुबह सात बजे से गंगा का पानी उफान मार रहा है। असमिया रफतपुर के ग्रामीणों ने दो दिन पहले ही आशंका जताई थी कि एक बार फिर पानी बढ़ेगा । हालांकि अभी बाढ़ की स्थिति नहीं है। फिर भी गंगा किनारे के गांवों में खलबली मची हुई है।

> नरौरा बैराज से एक बार फिर पानी अधिक डिस्चार्ज किया जा रहा है। जिससे गंगा नदियों में उफान आ गया है। अभी बाढ़ जैसे हालात नहीं हैं। स्थिति सामान्य है। बाढ़ खंड स्थिति पर नजर बनाए हुए है। सुरक्षा चौकियों को फिर सक्रिय कर दिया गया है। ग्रामीणों को सावधान रहने को कहा गया है। साथ ही गंगा की ओर न जाने की हिदायत दी गयी है।
> –**नेशपाल**, सहायक अभियंता, बाढ़ खंड

### खादीनगला गांव के पास पहुंचा पानी

सहसवान इलाके के खादी नगला गांव के पास पानी पहुंच जाने से ग्रामीणों को परेशानी होने लगी है। महावा नदी में दो दिन से बढ़ रहे पानी की धार ने ग्रामीणों को परेशानी में डाल दिया है। इस गांव के बाहर बांध के पास तक पानी हिलोरें मार रहा है। ग्रामीणों का कहना है जब बांध से पानी टकराता है तो बाढ़ आती है। बाढ़ में इस गांव को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। पशुओं को चारा नहीं मिल पाता है। सभी रास्तों पर पानी भर जाता है, जिससे दूसरे गांवों से संपर्क टूट जाता है। यदि पानी बढ़ा तो बाढ़ तबाही मचा सकती है।

# खेड़ा जलालपुर में कराई फागिंग, ग्रामीणों को दवा दी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **स्वास्थ्य और मलेरिया विभाग के कर्मचारी गांव पहुंचे**

**अमृत विचार :** बुखार से किशोरी की मौत के बाद उसहैत क्षेत्र का गांव खेड़ा जलालपुर सुर्खियों में आ गया है। स्वास्थ्य विभाग और मलेरिया विभाग के कर्मचारी गांव पहुंचे। मच्छर नाशक दवा की फॉगिंग की। ग्रामीणों को दवा दी गयी। बुखार पीड़ित दो दर्जन मरीजों का ब्लड सैंपल लिया गया।

ब्लॉक उसावा क्षेत्र के ग्राम खेड़ा जलालपुर में भारी गंदगी है। गांव में करीब 102 लोग बुखार की चपेट में हैं इनमें बच्चे भी शामिल हैं। बुखार पीड़ित झोलाछापों से इलाज करा रहे हैं। 8 अगस्त को रामसेवक की 13 साल की बेटी लक्ष्मी की बुखार से मौत हो गयी। बच्ची की मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग की नींद टूटी। शनिवार को मलेरिया विभाग की टीम ने फागिंग की। ग्रामीणों को साफ-सफाई की सलाह दी

> शनिवार को गांव में कैंप लगाकर 87 लोगों को दवा दी गयी। ब्लड की जांच कराने को कहा गया है। गांव में गंदगी अधिक होने से संक्रामक रोग पनप रहे हैं। खेड़ा जलालपुर और खैरे कटरा, लिलवाँ, सहित एक दर्जन गांवों को चिन्हित किया गया है। इन में साप्ताहिक स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे। उसावा और म्याऊ ब्लॉक पर दवाएं पर्याप्त मात्रा में मुहैया करा दी गयी हैं। –**डा. रामेश्वर मिश्रा**, मुख्य चिकित्सा अधिकारी

ब्लाक उसावा के एमओआईसी ने टीम के साथ गांव पहुंच कर लोगों को से कहा कि ब्लड की जांच कराएं जिससे पता चल सके कि बुखार कौन सा है। मलेरिया है तो 14 दिन तक दवा लेनी होगी। गांव में दो मलेरिया के मरीज मिले, जिन्हे गांव में दवा दी गयी। सर्दी बुखार खांसी के मरीजों को पांच पांच दिन की दवा दी गयी।

# भाकियू ने निकाली ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते भाकियू नेता राजेश सक्सेना। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के राष्ट्रीय आहवान पर एआरटीओ चौराहे से इस्लामियां इंटर कालेज तक ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा निकाली गई। भारी बरसात में सैकड़ों ट्रैक्टरों में हरी टोपी लगाए किसान सड़कों पर निकल आये। भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस बल तैनात किया गया। किसान नेताओं ने राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा।

मंडल प्रवक्ता राजेश कुमार सक्सेना, मंडल वरिष्ठ उपाध्यक्ष चौधरी सौदान सिंह व जिला अध्यक्ष रमाशंकर शंखधर के नेतृत्व में इस्लामिया इंटर कॉलेज में किसानों ने पंचायत की। कहा कि विश्व व्यापार संगठन में भारत के किसानों को जोड़ा गया तो किसान मजदूर बन जाएगा। किसानों की खेती बाड़ी पर विदेशी कंपनियों की निगाह है। वे भारत की खेती पर कब्जा करके गुलाम बनाने की साजिश रच रहे हैं। केंद्र सरकार विश्व व्यापार संगठन के दबाव में हैं। जिला अध्यक्ष ने कहा आज हर जिला मुख्यालय पर रैली हो रही है ।

- **राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन, विश्व व्यापार संगठन से किसानों को अलग रखने की मांग**

वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंडित रामकुमार शर्मा, नरेंद्र कुमार सक्सेना, अमरपाल सिंह यादव, अर्जुन सिंह, पप्पू सैफी, कैसर अली, फैयाज अली, चंद्र मोहन वर्मा, दुर्वेंद्र सिंह, महिपाल सिंह यादव, नाथू सिंह, जुगल किशोर सिंह, योगेश कुमार यादव, झाझन सिंह, तेजपाल मौर्य, इरफान खान, ठाकुर बृजेश सिंह, भारतपाल शाक्य, बनवारी, हारुन गौश, ठाकुर कृष्णा भगवान सिंह राठौड़, मोहन लाल, इंडिया पाल सिंह, भंवर पाल सिंह, कल्याण सिंह राठौर, मोहन लाल मौर्य, राशिद अल्वी, ठाकुर जोगेंद्रसिंह, सोमवीर सिंह, नत्थूलाल, हर चरण लाल वर्मा, शीशपाल सिंह, भीमसेन चोब सिंह, अख्तर अली, रमेश सिंह, नन्हे सक्सेना, अवधेश शर्मा, मुकेश भदौरिया समेत दर्जनों पदाधिकारी ने विचार व्यक्त किये। किसानों की भारी संख्या को देखते हुए छावनी में तब्दील कर दिया गया।

# करियामई के ग्रामीण लो वोल्टेज व ट्रिपिंग से हो रहे परेशान

**करियामई, अमृत विचार :** विकास खंड इस्लामनगर की ग्राम पंचायत करियामई को विद्युत उपकेंद्र रुदायन से सप्लाई दी जाती है। विद्युत उपकेंद्र पर क्षमता से अधिक लोड होने के कारण लो वोल्टेज व ट्रिपिंग की समस्या आम बात है। पिछले एक महीने से ग्रामीणों को मुसीबत उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव फिरोजपुर गुमराह से हाइटेंशन लाइन के तीनों तार काटकर करियामई गांव सहित करीब आधा दर्जन गांवों की सप्लाई रात को गुल कर दी जाती है। किसानों को करीब एक महीने से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं बिजली अधिकारी कहते हैं कि लोड अधिक होने के कारण लाइनों को काटकर चलाना पड़ रहा है। अवर अभियंता रुदायन शशि प्रकाश गुप्ता ने बताया कि गांव में बनाए गए टी-पोल की जानकारी नहीं है और न ही रात को काटे गए हाइटेंशन तारों के बारे में जानकारी है। जांच कराई जाएगी।

# समाधान दिवस में रजिस्टर में शिकायतें दर्ज नहीं डीएम नाराज

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



समस्याएं सुनतीं डीएम निधि श्रीवास्तव और एसएसपी बृजेश कुमार सिंह

- **डीएम व एसएसपी ने थाना समाधान दिवस में सुनीं समस्याएं**

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार सिंह ने शनिवार को थाना कुंवर गांव में हुए थाना समाधान दिवस में जन समस्याओं को सुना। डीएम ने इस दौरान पंजीयन रजिस्टर देखा तो उसमें शिकायतें अंकित नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त की और शिकायतें दर्ज कर उनका समय से निस्तारण करने का आदेश दिया।

डीएम एसएसपी ने थाना प्रभारी को आमजन से अच्छा व्यवहार करने तथा जनता से बेहतर समन्वय व संवाद स्थापित करने और पत्रावलियों का रखरखाव ठीक प्रकार से करने के लिए कहा। इस दौरान जिलाधिकारी ने थाना परिसर में बनाए जा रहे बैरकों के निर्माण की स्थिति जानी। थाने में बैरकों का निर्माण आवास विकास परिषद द्वारा कराया जा रहा है। डीएम ने संस्था को निर्माण कार्य गुणवत्ता पूर्ण करने का आदेश दिया।

### 15 को बंद रहेंगी शराब बीयर व भांग की दुकानें

जिला मजिस्ट्रेट निधि श्रीवास्तव ने बताया 15 अगस्त को देशी शराब, विदेशी मदिरा, बीयर, मॉडल शॉप एवं भांग की फुटकर बिक्री पर पाबंदी रहेगी। बंदी के दिन मादक पदार्थों की बिक्री मिलने पर अनुज्ञापी पर कार्रवाई होगी ।इसका सख्ती से पालन कराने के निर्देश दिये गये हैं।

**परेशानी** | पांच किलोमीटर की सड़क में गड्ढों की भरमार, रोज गुजरते हैं बड़ी संख्या में वाहन

# उघैती-खंडुआ लिंक रोड जर्जर, ग्रामीण उठा रहे मुसीबत

संवाददाता, उघैती



जर्जर हालत में उघैती-खंडुआ लिंक रोड। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** भूड़ इलाके के करीब 50 गांवों को बदायूं-बिजनौर स्टेट हाईवे से जोड़ने वाला पांच किलोमीटर का संपर्क मार्ग बदहाल है। हजारों गड्ढे वाले रोड की ओर न जनप्रतिनिधियों की नजर पड़ रही है और न ही विभागीय अधिकारियों को इस रोड की परवाह है जिसका खामियाजा प्रतिदिन करीब 50 हजार लोग भुगत रहे हैं।

बदायूं-बिजनौर स्टेट हाईवे पर उघैती- खंडुआ संपर्क मार्ग के जरिये मेवली, कुबरी, सोहरा, मसूदपुर के अलावा भूड़ इलाके के 50 गांव के लोग प्रतिदिन आवागमन करते हैं। लेकिन खंडुआ से निकलते ही लोगों को सड़क की जगह गड्ढों का सामना करना पड़ जाता है। दिन भर में दर्जनों लोग चोटिल हो रहे हैं। अफसर एवं जनप्रतिनिधियों ने सड़क से निगाह फेर ली है।

### दो साल में गायब हो गई 28 लाख से बनी सड़क

करीब दो साल पहले पीडब्ल्यूडी की ओर से सड़क का नवीनीकरण किया गया था। नवीनीकरण के दौरान ग्रामीण एवं भारतीय किसान यूनियन के नेता निर्माण रोकने पर अड़ गए। धरना प्रदर्शन चला तो अफसर किसानों एवं ग्रामीणों को मनाने के लिए पहुंच गए। अफसरों ने बताया, एक वर्ष के भीतर सड़क का चौड़ीकरण उच्चीकरण एवं नवीनीकरण कर दिया जाएगा। इसके बाद सड़क निर्माण का काम पूरा कर दिया गया, लेकिन दो साल में ही पूरी तरह उखड़ गई है जिसका खामियाजा हर रोज हजारों लोग भुगत रहे हैं।

### आईजीआरएस पर की गई शिकायत

सड़क निर्माण के लिए लोगों ने सोशल साइट एक्स, फेसबुक पर लोक निर्माण विभाग, पीडब्ल्यूडी मिनिस्टर के लिए लिखा, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इसके अलावा आईजीआरएस पर सड़क निर्माण के माध्यम का प्रयास किया गया, तब भी कोई सफलता नहीं मिली।

### भेजा गया है प्रस्ताव



सहसवान विधायक बृजेश यादव ने बताया कि सड़कों का हमने प्रस्ताव भेज दिया है। खंडवा और मेवली का भी प्रस्ताव चौड़ीकरण के लिए भेज दिया है लेकिन सरकार की मनसा नहीं है कार्य करने की।

# गंगा जल लेने जा रहा युवक ट्रेन की चपेट में आया, मौत



पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक मुनेंद्र के परिजन। ● अमृत विचार

संवाददाता, विजय नगला

**अमृत विचार :** गंगा जल लेने को कछला जा रहे युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे। मौत के बाद परिजनों में कोहराम मचा है।

जिला बरेली के थाना भमौरा क्षेत्र के गांव बागरनुपर निवासी ग्रामीण ट्रैक्टर-ट्रॉली से गंगा जल लेने के लिए कछला स्थित भागीरथी घाट जा रहे थे। गांव निवासी मुनेंद्र उर्फ नन्हू (20) पुत्र रामवीर भी ग्रामीणों के साथ कछला जाने के लिए निकले थे। मुनेंद्र ने सोचा कि वह ट्रेन से गंगा घाट पर जल्दी पहुंच जाएंगे। वह थाना बिनावर क्षेत्र के गांव करतोली हाल्ट पर पहुंचे। जहां वह कासगंज से बरेली जाने वाली ट्रेन की चपेट में आ गए। मुनेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई। लोगों ने बिनावर पुलिस को सूचना दी। पुलिस और परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। जहां परिजनों ने बताया कि वह मानसिक मंदित था। बिनावर के प्रभारी निरीक्षक श्रीकांत शर्मा ने बताया कि ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत हो गई थी। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। परिजनों की ओर से तहरीर नहीं आई है।

### 1500 महिला लाभार्थियों को किया 20 करोड़ का ऋण स्वीकृत

**बदायूं, अमृत विचार :** प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक की ओर से वृहद् महिला ऋण शिविर का आयोजन किया। प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक के अध्यक्ष संजीव भारद्वाज, डीएम निधि श्रीवास्तव, सीडीओ केशव कुमार, एडीएम वित्त एवं राजस्व, विकास प्रबंधक नावार्ड विशाल कंसल, अग्रणी जिला प्रबंधक डॉ रिकेश रंजन ने 1500 महिला लाभार्थियों को बैंक की विभिन्न योजनाओं के तहत 20 करोड़ रुपये का ऋण स्वीकृत किया। साथ ही सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत महिला लाभार्थियों को दो लाख रुपये की सहायता राशि भी प्रदान की गई।

### लेखपाल पर रुपये मांगने का आरोप, मुख्यमंत्री से शिकायत

**बदायूं, अमृत विचार :** लेखपाल पर रुपये मांगने का आरोप लगाते हुए अधिवक्ता ने मुख्यमंत्री से शिकायत की है। ग्राम मिढौली मिर्जापुर निवासी अधिवक्ता मुशीर अहमद ने अपनी पुत्री के अधिवास प्रमाण पत्र के लिए आवेदन किया। आरोप है कि लेखपाल ने झूठी और निराधार आपत्ति लगाकर आवेदन को तीन बार निरस्त कर दिया। लेखपाल से आवेदन को निरस्त करने का कारण पूछा तो एक हजार रुपये की मांग कर दी। अधिवक्ता ने मुख्यमंत्री से शिकायत कर प्रकरण की जांचकर कार्यवाही की मांग की है।

AIRCOL MULTI SERVICES & TOTAL SOLUTIONS PVT. LTD.
Near Balaji Gym Lalfatak Budaun Road, Bareilly (U.P)- 243001
Mob.: 8006051051/7252999309 CARE@AIRCOL.IN/SUPPORT@AIRCOL.IN
GSTIN: 09AAVCA4744K1ZZ , PAN NO : AAVCA4744K | WEBSITE VISIT : WWW.AIRCOL.IN
BEST PRICE & BEST SERVICE

| | NEW FIRM OFFER | |
|---|---|---|
| 1- | PROPRIETORSHIP FIRM REGISTRATION ONLY. | 999/- |
| 2- | (ALL TYPE FIRM) GST REGISTRATION ONLY. | 999/- |
| 3- | GST RETURN MONTHLY FEES. | 499/- |
| | OLD FIRM OFFER | |
| 4- | OLD PROPRIETORSHIP FIRM 12 MONTH GST RETURN FEES ONLY. | 1499/- |
| 5- | ITR FILE ONLY. | 499/- |

ALL TYPE FIRM AND COMPANY TOTAL COMPLIANCE AND GST RETURN, PLEASE CALL AND MAIL, WHATSAPP 24×7 AVAILABLE

# मानसिक रोग, सैक्स रोग, नशा उन्मूलन विशेषज्ञ



डॉ. (प्रो.) राकेश यदुवंशी
Neuropsychiatrist
M.B.B.S., M.D., F.I.P.S., M.I.A.C.A.M.
(के.जी.एम.यू. लखनऊ)
भूतपूर्व मनोचिकित्सक, रूहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज, बरेली

मिलने का समय
सोमवार-बुधवार
पूर्वान्ह 11 से 3 बजे तक
गुरुवार-शनिवार
दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक

- हिस्टीरिया, मिर्गी
- सिर दर्द, माइग्रेन
- डिप्रेशन, घबराहट
- स्किजोफ्रेनिया, उन्माद
- नशे की आदत
- डिमेंशिया
- याद्दाश्त कम होना
- बच्चों में चंचलता
- पागलपन बुदबुदाना
- बिस्तर गीला करना
- बेवजह शक करना
- नींद न आना

दिमाग की जाँच (E.E.G.) की सुविधा उपलब्ध है।



संवेदना क्लीनिक
100 फिटा रोड, बरेली।
Mob. 08126922960
Clinic : 7409944400





# हकीम जहीर अहमद (क्लीनिक)

Dr.M. Nadeem®
(BUMS)
यूनानी चिकित्सक
Reg. No. 19709

पुरुषों एवं महिलाओं के समस्त गुप्त रोग

जो व्यक्ति बचपन की नादानी के कारण जिनको धातु स्वप्नदोष, नामर्दी का होना, जोश, शीघ्रपतन, गलत विचारों से वीर्य का निकलना, शुक्राणु का कम होना, पेशाब में जलन होना, ज्यादा आयु वाले मर्दों का सैक्स पॉवर खत्म होना, व बहने सफेदी का आना (ल्यूकोरिया) नलों पर सूजन होना, माहवारी का होना निसंतान दम्पत्ति मिलें।

बवासीर, खूनी व बादी भगन्दर, गठिया, जोड़ों का दर्द, पेट की समस्या रोगों का इलाज

Sugar (मधुमेह) जैसे जानलेवा बीमारी का आयुर्वेदिक और यूनानी दवाइयों द्वारा इलाज, जोड़ों में दर्द रहना। कोलेस्टॉल का खराब होना, लीवर का बार-बार खराब हो जाना, ऐसे जटिल से जटिल समस्याओं का इलाज बिना किसी साइड इफेक्ट्स के यूनानी और आयुर्वेदिक उपचार...

शनिवार रविवार

बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली

9634499693
9837338306


# कोरोना में त्यागा अन्न, 3 साल 75 दिन बाद टूटी प्रतिज्ञा

## प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, बीएल वर्मा ने विधायक महेश गुप्ता को कराया अन्न ग्रहण

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने अपने जन्मदिन पर आयोजित कार्यक्रम में 3 साल 75 दिन बाद अन्न ग्रहण किया। उन्होंने कोरोना के समय से अन्न त्याग दिया था। केंद्रीय मंत्री, केंद्रीय राज्यमंत्री, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व क्षेत्रीय अध्यक्ष ने अन्न खिलाकर उनकी प्रतिज्ञा तुड़वाई। संयोग से उनकी धर्मपत्नी विमलेश गुप्ता का भी जन्मदिन था। अतिथियों व अन्य लोगों ने दोनों को बधाई दी।

सदर विधायक पूर्व राज्य मंत्री महेश चंद्र गुप्ता ने कोराना काल में 26 अप्रैल 2021 को अपने सुपौत्र विश्वप्रिय के जन्मदिन पर शपथ ली थी कि कोराना खत्म नहीं हो जाता तब तक वह अन्न ग्रहण नहीं करेंगे।

इसके बाद उन्होंने प्रण लिया कि नरेंद्र मोदी के तीसरे बार प्रधानमंत्री बनने पर ही अन्न ग्रहण करेंगे। उनकी दोनों प्रतिज्ञा पूरी हो गईं। उनके जन्मदिन पर आयोजित कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा, भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य ने सदर विधायक को अन्न खिलाया।



विधायक महेश चंद्र गुप्ता को अन्न ग्रहण कराते अर्जुन राम मेघवाल, बीएल वर्मा व अन्य।



कार्यक्रम को संबोधित करते भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी।

प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश कुमार शर्मा, दातागंज विधायक राजीव कुमार सिंह, बिल्सी विधायक हरीश शाक्य, एमएलसी वागीश पाठक मौजूद रहे।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि महेश चंद्र गुप्ता हरि बोल महाराज के अनन्य भक्त हैं। वह समाज के सच्चे हितैषी हैं। उनमें राष्ट्रभक्ति की झलक दिखाई देती है। केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि महेश चंद्र गुप्ता जैसा कठोर संकल्प और प्रतिज्ञा हर कोई नहीं ले सकता। कार्यकर्ताओं का सम्मान समारोह आयोजित कर उन्होंने अच्छा कार्य किया है। कार्यकर्ता ही भाजपा की रीढ़ हैं। कार्यकर्ता ही भाजपा का गौरव हैं।

क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय सिंह ने कहा कि महेश चंद्र गुप्ता की लोकप्रियता बदायूं विधानसभा ही नहीं बल्कि बिल्सी, बिसौली, सहसवान और गुन्नौर में भी हैं। वह कार्यकर्ताओं के लिए दिन रात परिश्रम करते हैं। विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने भावुक होकर अपनी प्रतिज्ञाओं और संकल्पों के बारे में बताया और अतिथियों व कार्यकर्ताओं का आभार जताया।

एमएलसी कुंवर महाराज सिंह, पूर्व सांसद डॉ. संघमित्रा मौर्य, प्रदेश मंत्री डीपी भारती, संभल जिलाध्यक्ष हरेंद्र चौधरी, आंवला अध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह, पूर्व मंत्री विमल कृष्ण अग्रवाल, पूर्व एमएलसी जितेंद्र यादव, पूर्व विधायक धर्मेंद्र शाक्य, दयासिंधु शंखधार, डीसीबी चेयरमैन जेके सक्सेना, ब्लॉक प्रमुख शिशुपाल शाक्य, अनेकपाल पटेल, ब्लॉक प्रमुख अतेंद्र विक्रम सिंह, युवा नेता विश्वजीत गुप्ता उपस्थित रहे। इनके अलावा वीरेंद्र राजपूत, सुधीर श्रीवास्तव, एमपी सिंह राजपूत, सुखदेव राठौर, अंकिल मौर्य, तीर्थेंद्र पटेल, मयंक गुप्ता, शारदाकांत शर्मा, शारदेंदु पाठक, मधुसूदन गुप्ता आदि की उपस्थिति रही।

### महेश चंद्र गुप्ता जैसा नेता होना जिले का सौभाग्य : अरशद अल्वी

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश मंत्री अरशद अल्वी के नेतृत्व में मुस्लिम समाज ने हरिबोल महाराज का चित्र भेंट किया। अरशद अल्वी ने कहा महेश चंद्र गुप्ता हमेशा कार्यकर्ताओं का सम्मान करते हैं। उनकी कार्यशैली दलगत भावना से ऊपर होती है। मदद करने वाले की जाति-धर्म नहीं पूछते। जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद शीराज आलम, मंडल अध्यक्ष नसीम खान, सैयद मोहम्मद आदिल, मुनीर आलम खान, शीबू खान आदि मुस्लिम प्रधान उपस्थित रहे।



# 30 सितंबर तक पूरा होना है काम 45 प्रतिशत की हुई ई-केवाईसी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** राशन कार्ड में फर्जी यूनिटों की पड़ताल के लिए खाद्य एवं रसद विभाग की ओर से ई केवाईसी का काम कराया जा रहा है। दो माह से चल रहे इस कार्य में अभी तक केवल 45 फीसदी कार्डधारकों की ही ई केवाईसी हो सकी है। कोटेदारों द्वारा राशन वितरण के साथ साथ ई केवाईसी का काम भी किया जा रहा है। अब 30 सितबंर तक ई केवाईसी को पूरा करने के निर्देश दिये गये हैं।

जिले में साढ़े पांच लाख राशन कार्ड धारक हैं। जिसमें करीब 22 लाख से अधिक यूनिट दर्ज हैं। इनमें से 45 प्रतिशत यूनिटों का सत्यापन का कार्य पूरा कर लिया गया है। शासन का ई-केवाईसी कराने का मुख्य उद्देश्य राशन कार्ड में जितने भी सदस्य हैं, उनके बीच संबंध और मोबाइल नंबर का सत्यापन करना है। इसके साथ ही कार्ड में जो फर्जी यूनिट दर्ज हैं और जो लोग बाहर रह रहे हैं, उनके नाम को हटाया जाएगा। कोटेदार के ई-पॉस मशीन में ही ई-केवाईसी का विकल्प दिया गया है। ई-केवाईसी के दौरान राशन कार्ड से मोबाइल नंबर जोड़ने की सुविधा भी उपलब्ध है। जिससे मोबाइल नंबर पर राशन कार्ड पर प्राप्त होने वाले राशन के विवरण का संदेश भी मिलेगा। यदि किसी राशन कार्ड में मुखिया से परिवारीजन का संबंध गलत दर्ज है, तो उसे भी सुधारा जा रहा है। जिला पूर्ति अधिकारी रमन मिश्रा ने बताया कि अब तक 45 फीसदी राशन कार्ड के ई-केवाईसी का काम पूरा हो गया है।

# टीनशेड के लिए मिले आठ लाख कानून मंत्री से सौ चैंबर्स की मांग

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- बार के सचिव संदीप मिश्रा ने केंद्रीय कानून मंत्री से मिलकर की सौ चैंबर्स बनवाने की मांग

**अमृत विचार :** एमएलसी वागीश पाठक ने अपने कोटे से टीनशेड बनवाने के लिए जिला बार एसोसिएशन को आठ लाख रुपये की धनराशि दी है। नगर पालिका की कार्यदायी संस्था इस टीनशेड का निर्माण करेगी। जिला बार एसोसिएशन के सचिव संदीप मिश्रा ने केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल से मुलाकात करके अधिवक्ताओं के बैठने के लिए सौ चैंबर की मांग की। जो दो मंजिल में बनवाया जा सकता है।

सचिव ने कहा कि मुख्यालय पर अधिवक्ताओं के बैठने के लिए उचित स्थान नहीं है। सत्र न्यायालय में जो अधिवक्ता विधि व्यवसाय कर रहे हैं वह शहर के मुख्य मार्गों के दोनों ओर तख्त डालकर बैठते हैं। जो अधिवक्ताओं के सम्मान और सुरक्षा के दृष्टिगत उचित नहीं है। इस सड़क से हमेशा बड़े वाहन गुजरते है। जिसके चलते एक या दो मंजिला इमारत में चैंबर्स बनना अति आवश्यक है। कानून मंत्री से हुई मुलाकात के दौरान केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा, एमएलसी वागीश पाठक, पूर्व विधायक प्रेम स्वरूप पाठक उपस्थित रहे। सचिव ने बताया कि कानून एवं न्याय मंत्री से आश्वासन मिला है कि इसी सत्र में जिला बार में सौ चैंबर्स का निर्माण हो जाएगा। साथ ही जिला बार एसोसिएशन को लाइब्रेरी निर्माण के लिए धनराशि दी जाएगी।



केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल को मांग पत्र सौंपते जिला बार एसोसिएशन के सचिव संदीप मिश्रा। साथ में मौजूद केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा, एमएलसी वागीश पाठक, पूर्व विधायक प्रेम स्वरूप पाठक। ● अमृत विचार

# जिले में फहराए जाएंगे 5.70 लाख तिरंगा

बदायूं, **अमृत विचार :** स्वतंत्रता दिवस के मौके पर हर घर तिरंगा अभियान की सफलता के लिए विभागों को तिरंगा की खरीद और वितरण का लक्ष्य दिया गया है। सबसे अधिक तिरंगा फहराने का लक्ष्य 1.28 लाख ग्राम्य विकास और पंचायती राज को मिला है। डीएम निधि श्रीवास्तव द्वारा गठित समिति ने विभागवार लक्ष्य निर्धारित किया है। निर्देश दिया है तिरंगा झंडा, सरकारी गैर सरकारी दफ्तरों, अधिष्ठानों, प्रतिष्ठानों आदि पर लगाया जाए। स्वतंत्रता दिवस के लिए झंडा खरीद और वितरण के लिए गठित समिति के सदस्य के मुताबिक जिले में 5.70 लाख झंडा वितरण का लक्ष्य मिला है। नगर पालिका और नगर पंचायत को तीस हजार, पुलिस विभाग को 25 हजार, राजस्व विभाग को 25 हजार, स्वास्थ्य विभाग को 30 हजार, मेडिकल कॉलेज को पांच सौ, उच्च शिक्षा विभाग डीआईओएस को 25 हजार, उच्च शिक्षा डिग्री कॉलेज 15 हजार, वन विभाग पांच हजार, उद्यान विभाग आठ हजार, कृषि विभाग 15 हजार, जिला पंचायत 15 हजार, बेसिक शिक्षा एक लाख, पूर्ति विभाग 25 हजार, जल निगम पांच हजार, सिंचाई विभाग को साढ़े सात हजार, राजकीय निर्माण निगम को पांच हजार, विद्युत विभाग 15 हजार, मंडी परिषद 14 हजार, खनन विभाग पांच हजार, खाद्य औषधि विभाग को तीन हजार, परिवहन विभाग दस हजार, बाल विकास विभाग को दस हजार झंडा खरीदने का लक्ष्य दिया गया है। झंडे खादी ग्रामोद्योग से खरीदे जाएंगे।

# जाहर पीर मठिया पर छड़ी मेला शुरू

संवाददाता, उघैती

- श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरु, मठिया पर पूजा अर्चना को लग रही लाइन

**अमृत विचार :** कस्बा में जाहर पीर छड़ी मेला शुरू होते ही श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया है। जाहरवीर छड़ी मेला की मठिया पर पूजा अर्चना करने को लोग लाइन में लग रहे हैं। मेले में दुकानें लगने के बाद भंडारे लगाए जा रहे हैं। पिछले पचास वर्ष से मठिया पर जाहरवीर छड़ी मेला लगता आ रहा है। मान्यता यह है कि यहां पर आकर जो मन्नत मांगता है उसकी मनोकामना जरूर पूरी होती है इसलिए वह श्रद्धालु यहां आकर इस दिन पूजा अर्चना करते हैं। गरीबों को भोजन कराते हैं। प्रसाद वितरण करते हैं। शनिवार को मेले में आकर्षक झांकियां निकाली गयीं। दुकानों पर भीड़ लगी रही।

शिव की भक्ति | चौथे सोमवार पर जलाभिषेक करने के लिए कछला से कांवड़ लेकर जा रहे हजारों कांवड़िया

# बरेली-मथुरा राजमार्ग पर उमड़ा आस्था का सैलाब

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** सावन के चौथे सोमवार पर शिव का जलाभिषेक करने के लिए गंगा जल भरकर लाने वाले कावंड़ियों का बरेली-मथुरा राजमार्ग पर सैलाब उमड़ पड़ा। हाईवे पर केसरिया ध्वज लेकर कावंडिया तेजी के साथ शिव धामों की ओर बढ़ रहे हैं। डीजे पर बज रहे शिव भजनों पर शिवभक्त नाचते गाते हुए गुजर रहे हैं। इनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। डीजे की प्रतिस्पर्धा भी चल रही है। शैतान, गुर्जर शर्मा डीजे के बीच प्रतिस्पर्धा देखी गई। पुलिस और प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट रहा। जगह-जगह बैरियर लगाए गए हैं।

चौथे सोमवार पर शिवालयों में जल चढ़ाने के लिए बरेली, पीलीभीत, चंदौसी सहित अन्य जनपदों के हजारों शिवभक्त कछला गंगा घाट से जल लेकर लौट रहे हैं। रंग बिरंगी पोशाक में कावंडिया कांधे पर कावंड रख अपने गंतव्य की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं। कोई कंधे पर कई कई कलश में गंगा जल लेकर जा रहा है तो कई शिव भक्त मिलकर भव्य रथ खींच कर ले जा रहे हैं। वाहनों में लगे डीजे पर थिरकते हुए शिव भक्ति में मस्त कांवड़िये अपनी मंजिल तय कर रहे हैं। शनिवार को सबसे अधिक आकर्षण का केंद्र बरेली के कांवरियों का जत्था लग रहा था। इसमें भगवान शिव की विशालकाय प्रतिमा रथ पर सवार थी जिसे शिवभक्त खींच रहे थे। कछला से शहर तक कांवड़िये ही दिखाई दे रहे थे। रथों के पीछे विभिन्न देवी-देवताओं की झांकियां आकर्षण का केंद्र बनी रहीं। कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन राजमार्ग पर मुस्तैद है। जगह जगह बैरियर लगाकर कावड़ियों की सहायता की जा रही है।



भगवान शिव की झांकी ले जाते कावंडिया। ● अमृत विचार



कावंड यात्रा में ट्रैक्टर ट्राली से जाता जत्था। ● अमृत विचार



कंधे पर कई कलशों में जल ले जाता शिवभक्त।

### पुलिस महानिरीक्षक और एसएसपी ने की कावंडियों पर पुष्प वर्षा

बदायूं, **अमृत विचार :** पुलिस महानिरीक्षक राकेश सिंह तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ बृजेश कुमार सिंह द्वारा श्रावण मास के दृष्टिगत कांवड़ यात्रा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कांवड़ मार्ग एवं कछला गंगा घाट पहुंचे। वहां श्रद्धालुओं के लिए किए गए सुरक्षा प्रबंधों का जायजा लिया गया। इसके साथ ही उनके द्वारा कांवड़ मार्ग पर चल रहे कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा की। साथ ही फलों का भी वितरण कर कांवरियों से कुशलता के बारे मे जानकारी की गयी।



# घपलेबाजी: आंगनबाड़ी केंद्रों पर तीन माह कागजों में बांटा गया पका भोजन

## कार्यकत्री व प्रधान के संयुक्त खाते में भेजी गई धनराशि, कहां खर्च की गई पता नहीं

गुडडू यादव, कासगंज

**अमृत विचार:** सरकार नौनिहालों की सेहत सुधारने के लिए तरह-तरह के प्रयास कर रही है। मगर जिम्मेदार नौनिहालों के हक पर डाका डाल रहे हैं। आंगनबाडी केंद्रों पर गर्म भोजन वितरण में बड़ी धांधली की गई थी। तीन महीने तक पका भोजन केवल कागजों में बांटा गया, जिसकी जांच शुरु हो गई है।

शासन बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों और परिषदीय स्कूलों में तमाम प्रयास कर रहा है। उनकी सेहत सुधारने को पोषाहार वितरण किया जा रहा है। आंगनबाड़ी केंद्रों पर मनोरंजन के साधन विकसित किए जा रहे हैं। वहीं, जिम्मेदार शासन की योजना को ग्रहण लगा रहे हैं। विभागीय अधिकारियों को पोषाहार वितरण में गडबड़ी की शिकायत मिली थी। इस पर विभागीय अधिकारियों ने जांच की तो प्रथम दृष्टया बड़ी घपलेबाजी सामने आई। कई आंगनबाड़ी केंद्रों पर तीन महीने पका भोजन केवल कागजों में बांटा जाता रहा। हॉट कुकड योजना की धनराशि लगातार आंगनबाड़ी कार्यकत्री और प्रधान के संयुक्त खातों में पहुंच रही है। इस धनराशि का बंदरबांट किया जा रहा है। मामला सामने आने पर जिम्मेदार कठघरे में आ गए हैं।



आंगनबाड़ी केंद्र पर मौजूद बच्चे। ● अमृत विचार

### इन महीनों में की गई घपलेबाजी

आंगनबाड़ी केंद्रों पर अप्रैल, मई, जून में गर्म भोजन केवल कागजों में बांआ गया। बाल विकास विभाग प्रधान और आंगनबाड़ी के खातों में लगातार तीन माह से भोजन बनाने के लिए धनराशि भेजी जा रही है। यह धनराशि कहां खर्च की जा रही है।

> 28 मार्च को आंगनबाडी कार्यकत्री और प्रधान के संयुक्त खातों में धनराशि भेजी गई थी, लेकिन मई की छुट्टियां थीं, जून में डीएम के आदेश पर अवकाश रहा था। अप्रैल में भी हॉट कुकड योजना के तहत भोजन नहीं बांटा गया। यह सब दस्तावेज के आधार पर है। किस आधार पर धनराशि निकाली गई है, इसकी बिंदुवार जांच की जाएगी। – **सुशीला यादव**, प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी

### आंकड़े एक नजर में

- जिले में आंगनबाड़ी केंद्र– 2445
- योजना के तहत 1,647 केंद्रों पर आती रही धनराशि
- आंगनबाडी केंद्रों पर पढ़ने वाले बच्चे– 1 लाख 22500
- प्रतिमाह डाला गया 82,350 बच्चों के निवाले पर डाका
- 3,08812 रुपए का प्रतिमाह होता रहा घोटाला
- 28 मार्च को अंतिम बार स्कूलों में आई थी धनराशि
- 798 केंद्रों पर तकनीकी खराबी के कारण नहीं आई धनराशि

## विधवा पेंशन के लिए करें संपर्क

**कासगंज।** जिला सूचना अधिकारी मिथलेश ने बताया कि पति की मृत्युपरांत निराश्रित महिला पेंशन योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रथम तिमाही से सभी पात्र लाभार्थियों को आधार बेस के माध्यम से भुगतान किया जा रहा है। जिन लाभार्थियों ने बैंक खाते में नेशनल पेमेंट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया नहीं कराई है। वह सभी लाभार्थी यथाशीघ्र अपने संबंधित बैंक शाखा में जाकर नेशनल पेमेंट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया करा लें। जिससे 2024-25 की प्रथम तिमाही की किस्त विभाग द्वारा संबंधित लाभार्थियों को पीएफएमएस के माध्यम से उनके खातों में भेजी जा सके।

### बाइक फिसली, चालक घायल

**कासगंज।** कासगंज-एटा मार्ग पर माउंट लिट्रा स्कूल के समीप तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। जिससे बाइक चला रहे राजवीर सिंह निवासी शास्त्री नगर एटा घायल हो गए। राहगीरों द्वारा उन्हें गांव नदरई के प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से उपचार के बाद वह पहुंचे हैं।

# एसडीएम ने अवैध अस्पताल किया सील

संवाददाता, गंजडुंडवारा

- डीएम ने टीम गठित करके कर थी मामले की जांच, रिपोर्ट के आधार पर हुई कार्रवाई
- ऑपरेशन से प्रसव होने के बाद महिला की हालत बिगड़ी, डीएम के पास पहुंची थी शिकायत

**अमृत विचार:** गंजडुंडवारा कस्बे में अवैध रूप से चल रहा एक निजी अस्पताल शुक्रवार को एसडीएम ने सील कर दिया। यह कार्रवाई डीएम के निर्देश पर जांच के बाद की गई है।

पिछले सप्ताह डीएम मेधा रूपम से गांव सिकंदरपुर वैश्य के शेर अफगन ने शिकायत की थी। प्रसव पीड़ा होने पर उसने अपनी पत्नी शमा को कस्बे के लाइफ लाइन हॉस्पिटल में भर्ती कराया। भर्ती होने के समय अस्पताल संचालक ने सामान्य प्रसव कराने की बात कहकर 9500 रुपये जमा कराए थे। मगर इसके कुछ देर बाद कह दिया कि ऑपरेशन करना पड़ेगा। फिर उससे 25000 रुपये ले लिए गए। उसके रुपये जमा करने के बाद ऑपरेशन किया गया। उसकी पत्नी ने स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया। मगर एक महिला चिकित्सक ने जन्म के कुछ ही देर बाद बच्चे को इंजेक्शन लगाया। आरोप है कि इंजेक्शन लगने के बाद बच्चे के शरीर में इंफेक्शन फैल गया, जिससे कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। युवक की पत्नी चार दिन तक अस्पताल में भर्ती रही, जिसके बाद उस की अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। मगर घर जाने के बाद उसकी हालत बिगड़ गई। उसकी पत्नी बरेली के एक निजी अस्पताल में भर्ती है।

उसकी शिकायत पर डीएम ने जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक संजीव कुमार के नेतृत्व में तीन सदस्यीय जांच टीम गठित की। टीम ने जांच की तो प्रथम दृष्टया अस्पताल गलत तरीके से संचालित पाया गया। टीम ने जांच रिपोर्ट डीएम को सौंप दी। डीएम के निर्देश पर शुक्रवार को पटियाली एसडीएम कुलदीप सिंह के नेतृत्व में प्रशासन और पुलिस की टीम ने अस्पताल पर छापा मारा। टीम में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी भी शामिल रहे। छानबीन के बाद देर शाम सील कर दिया गया।



लाइफलाइन हॉस्पिटल सील करने पहुंचे एसडीएम कुलदीप कुमार व स्वास्थ्य अधिकारी।

> अस्पताल अवैध रूप से संचालित किया जा रहा था, जिसके कोई दस्तावेज नहीं थे। शिकायत के आधार पर डीएम ने जांच कमेटी गठित की थी। जांच टीम ने अपनी रिपोर्ट डीएम को सौंप दी। इसी रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की गई है। इस मामले में अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। – **कुलदीप सिंह**, एसडीएम पटियाली

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

# गड्ढे में डूबने से बचीं दोनों लड़कियों की हालत ठीक

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** बारिश के पानी भरे गड्ढे में डूबने से बचीं दोनों लड़कियों की हालत पूरी तरह ठीक हैं। इससे उन्हें अस्पताल से छुट्टी देकर घर भेज दिया गया।

शुक्रवार शाम गांव नगला मोड़ निवासी नौ वर्षीय रक्षा पुत्री राजवीर, आठ वर्षीय सीता पुत्री राजवीर एवं आठ साल की खुशबू पुत्री किशोरी लाल बकरियां चराने गई थीं। वहां खेत के समीप एक गड्ढे में बारिश का पानी भरा था, जिसमें तीनों खेलने लगीं।

खेलने के दौरान तीनों पानी में डूब गईं। वहां आसपास के खेतों पर मौजूद लोगों ने दौड़कर तीनों लड़कियों को बाहर निकाल लिया। मगर तब तक रक्षा की मौत हो चुकी थी।



- शुक्रवार को बारिश के पानी भरे गड्ढे में डूबने से एक बच्ची की हो गई थी मौत

> बकरियां चराने के दौरान तीन बालिकाएं गड्ढे मं भरे पानी में डूब गईं। इनमें दो बच्चियों की जान बच गई। हालांकि तीसरी बच्ची को नहीं बचाया जा सका। नियमानुसार मृतक के आश्रितों को मुआवजा दिया जाएगा। – **कुलदीप सिंह**, एसडीएम पटियाली

बाकी दोनों लड़कियों को अस्पताल ले जाया गया। जहां उपचार के बाद उनकी हालत पूरी तरह ठीक है। इससे उन्हें अस्पताल से छुट्टी देकर घर भेज दिया दिया गया। उधर, रक्षा की मौत होने से शनिवार को भी घर में कोहराम मचा रहा।

## दहेज हत्या का वांछित गिरफ्तार

**कासगंज।** एसपी अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर वांछित अपराधियों की धरपकड़ को अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत थाना ढोलना पुलिस ने दहेज हत्या के मामले में फरार चल रहे वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर अजयवीर सिंह ने बताया कि वांछित आरोपी ललित कुमार उर्फ सलकार सिंह निवासी नगला खंगार को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के बाद नियमनुसार कार्यवाही करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

# दो अस्पतालों पर टीम ने मारा छापा, नोटिस जारी

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** डीएम के निर्देश पर स्वास्थ्य व राजस्व विभाग की टीम ने कस्बा सहावर के दो अस्पतालों पर छापा मारा। दस्तावेज न दिखाने पर दोनों अस्पतालों को नोटिस जारी किया गया है।

जिलाधिकारी मेधा रूपम ने शनिवार को सहावर तहसीलदार संदीप चौधरी और सहावर सीएचसी अधीक्षक मशहूर आलम के नेतृत्व में सहावर में संचालित हॉस्पिटल की जांच के लिए टीम बनाई थी। टीम ने सहावर के एटा रोड पर वीना हॉस्पिटल और सोरों रोड पर न्यू विनायक हॉस्पिटल पर छापा मारा। टीम के मांगने पर अस्पताल संचालक कोई कागजात नहीं दिखा पाए। तहसीलदार ने अस्पताल को नोटिस देकर जवाब मांगा। हालांकि अस्पताल में मरीज नहीं थे।

# सर्पदंश से महिला और बालिका की मौत



बालिका की मौत के बाद विलाप करते परिजन। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** बारिश के दिनों में सर्प दंश की घटनाएं बढ़ जाती हैं। अमांपुर और सहावर क्षेत्र में सर्प दंश से एक महिला और 12 वर्षीय बालिका की मौत हो गई।

बिहार के जिला लालधा के गांव देवधा की रहने वाली 50 वर्षीय श्यामपढ़ी पत्नी अर्जुन गांव बोंदर स्थित ईंट-भट्ठा पर मजदूरी करती है। शुक्रवार रात ईंट भट्ठा पर सोते समय उसे सर्प ने डस लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजन फौरन उसे उपचार के लिए अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सर्प दंश की दूसरी घटना अमांपुर के गांव खुशकरी में हुई। यहां निवासी 12 वर्षीय संध्या पुत्री सुबोध अपने घर में सो रही थी। तभी उसे सर्प ने डस लिया, जिससे वह बेहोश हो गई। अस्पताल में मृत घोषित कर दिया।

> सर्प दंश के मामलों में मृतक आश्रितों को नियमानुसार मुआवजा दिलाया जाएगा। –**कोमल पवार**, एसडीएम सहावर

## विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**कासगंज: अमृत विचार:** थाना सहावर क्षेत्र के बड़ा गांव कोटरा में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पिता की सूचना पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। पटियाली के गांव भैंसराशि निवासी मौहर सिंह ने अपनी बेटी कोमल (25) का विवाह लगभग दो वर्ष पूर्व थाना सहावर के बड़ा गांव कोटरा निवासी कालीचरण के साथ किया था। शुक्रवार सुबह मौहर सिंह को कोमल की मौत की सूचना उनके ससुराल वालों ने दी। इस पर मौहर सिंह परिजनों के साथ बेटी की ससुराल बड़ा गांव जा पहुंचे। उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। इस पर सहावर इंस्पेक्टर प्रवेश राणा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने मृतका के ससुराल वालों से पूछताछ की। इसके बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## आउटसोर्स कर्मियों की सेवा बहाल हो

**कासगंज।** कोरोना काल में आउटसोर्स पर भर्ती किए गए स्वास्थ्य कर्मियों ने सेवा समाप्त किए जाने पर आक्रोश व्यक्त किया है। शनिवार को कर्मचारियों ने सांसद को ज्ञापन देकर सरकार से समायोजन करने एवं सेवा बहाली की मांग की है। ज्ञापन में कहा है कि कोविड काल में जांच सर्विलांस, लेब, डाटा एंट्री आदि कामों के लिए रखे गए सभी आउटसोर्स कर्मियों की सेवा मुख्य चिकित्साधिकारी ने एक अगस्त को आदेश जारी कर समाप्त कर दी गई थी। प्रमुख सचिव स्वास्थ्य ने कोरोना वारियर्स आउटसोर्स कर्मियों को यथा सम्भव वरीयता देते हुए कार्य लिए जाने को निर्देशित किया गया था। इसके बावजूद सेवा समाप्त कर दी गई।

# सर्प के काटने पर झाड़-फूंक और तंत्र-मंत्र में समय खराब न करें



कलेक्ट्रेट सभागार में सर्पदंश की घटनाओं को लेकर जागरूक करते लखनऊ से आए विशेषज्ञ। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज


- कलेक्ट्रेट में आयोजित कार्यशाला में विशेषज्ञों ने लोगों को किया जागरूक

**अमृत विचार :** बारिश के मौसम में सर्पदंश की घटनाएं बढ़ गई हैं। इसको लेकर शासन-प्रशासन चिंतित है। सर्पदंश के मामलों को लेकर प्रशासन लोगों को जागरूक कर रहा है। शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यशाला में लखनऊ से आए विशेषज्ञों ने सर्पदंश से बचाव के तरीके बताए हैं।

सीडीओ सचिन ने कार्यशाला की अध्यक्षता की। विशेषज्ञ डा. आदित्य ने सांपों की प्रजाति और पहचान के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि इनसे खास सावधानी बरतनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सर्पदंश के लक्षण प्रकट होने का इंतजार ना करें। बल्कि तुरंत पीड़ित को अस्पताल ले जाएं। कई बार लक्षण देर से प्रकट होते है।

सांप को मारने या पकड़ने के प्रयास न करें। अगर सुरक्षित दूरी है तो सांप की पहचान के लिए फोटो ले सकते है। कभी भी ब्लेड से काटकर विष को चूसने या अन्य तरीका ना अपनाएं। पीड़ित को शांत रखने का प्रयास करें। उत्तेजित व डरने से विष तेजी से शरीर में फैलता है। सर्प के काटने पर झाड़-फूंक व तंत्र-मंत्र में व्यर्थ ना करें। उन्होंने बताया कि सभी सांप जहरीले होते हैं, और इंसानों पर हमला करते हैं। सांप बदला लेते हैं। धामिन व घोड़ा पछाड़ सांप गाय के पैर में लिपटकर उसका दूध पी जाते हैं। विष खोपड़ा के थूकने अथवा काटने से आदमी की मृत्यु सर्पदंश से भी पहले होती है। अपनी संपत्ति को सांपों के लिए अनाकर्षक बनाएं। किसी भी चट्टान, ईंटों को हटा दें, जो की काफी समय से एक जगह रखी गयी हों। दरारें और छेद भरें। गेट के नीचे पट्टी लगाने से सांपों को अंदर जाने आने में मुश्किल होती है। कार्यशाला में एडीएम राकेश कुमार पटेल, एएसपी राजेश भारती, सीएमओ डा. राजीव कुमार अग्रवाल, डीपीआरओ देवेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

Bareilly International University
{Established under Govt. of U.P. Act No. 26 of 2016, and approved by University Grant Commission u/s. 2 (f) of UGC Act 1956}
Excelled in CUET?
Join the Courses:
ADMISSIONS OPEN 2024
ONLINE REGISTRATION https://admissions.biuerp.com/
Courses Available
Under Graduate Courses
- BBA— Finance & Taxation
- B.Com (Hons)
- BCA— IT & Multimedia
- B.A. — Journalism
- B.A. — Mass Communication
- B. Pharm
- B.Sc. Forensic Sciences
- Post Basic B.Sc. Nursing
Diploma Courses
- X-Ray Technician
- MRI Technician
- Emergency & Trauma Care
- Dialysis Technician
- D. Pharm
- Dental Mechanics
- Dental Hygienist
Post Graduate Courses
- M.Com
- M.A. — Pol. Science
- MBA
- MHA
- MPH
- M.A. — English
- M.A. — Hindi
- M.A. — Psychology
- M.A. — Sociology
- M.A. — Journalism
- M.A. — Mass Communication
- M. Pharm (Pharmaceutics / Pharmacology)
- M.Sc. Forensic Sciences
- M.Sc. Medical Sciences
- M.Sc. Clinical Embryology
- Use of integrated pedagogy to train students in the art of interpretation and understanding.
- Use of present-day techniques for transforming imagination, reasoning and thought patterns.
- Use of experimental methods and research tools for teaching-learning process.
Contact for More Details
Admission Cell, Administrative Block
Rohilkhand Medical College and Hospital Campus, BIU
Pilibhit Bypass Road Bareilly-243006 (UP) India
Web: www.biu.edu.in
Email: admission@biu.edu.in
Admission Cell: 9105500202, 9105500404



अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
सार्वजनिक सूचना
मैंने अपने पुत्र मो.जाकिर और पुत्रवधू नर्गिस बेगम को उसके गलत आचरण के चलते उसे अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में वह अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे। उसका मेरे और मेरे परिवार के सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **मोहम्मद आबिद पुत्र वहीदुल्ला निवासी साहूकारा वार्ड नंबर 16 तहसील पूरनपुर, जिला पीलीभीत।**
सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र आकाश व उसकी पत्नी रिचा यादव को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **सरनाम सिंह पुत्र स्व. तोताराम निवासी ग्राम अटकोना थाना भुता जिला बरेली।**
प्लाट बेचने हेतु
200 वर्ग गज हेतु प्लॉट
पीलीभीत बाईपास रोड, निकट आभा ड्राईक्लीनर्स SBI ATM के पीछे, बरेली (उ.प्र.)
संपर्क करें:- 6395061514, 8923852358
**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## एटा में कांबड़ यात्रा को लेकर रूट डायवर्जन लागू

**एटा, अमृत विचारः** सावन के चौथे सोमवार को जलाभिषेक की तैयारी में भारी संख्या में कांवड़िया शनिवार से सोमवार तक एटा से होकर गुजरेंगे। इनकी सुविधा के लिए पुलिस प्रशासन की ओर से रूट डायवर्जन किया गया है। शनिवार से यह व्यवस्था फिर लागू कर दी गई। इसकी वजह से लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। सामान्य वाहनों के साथ परिवहन निगम की बसें भी अतिरिक्त चक्कर काटेंगी।

सावन के महीने में दूर-दराज क्षेत्रों के लोग सोरों जी व कछला गंगा घाट से जल लेकर अपने क्षेत्र के शिवालय में जलाभिषेक करते हैं। आगरा, मैनपुरी, फिरोजाबाद, राजस्थान, मध्य प्रदेश व अन्य स्थानों के कांवड़िया एटा से होकर गुजरते है। वहीं, आगरा से एटा आने वाले वाहन टूंडला से फिरोजाबाद, शिकोहाबाद, घिरोर, कुरावली होते हुए एटा पहुंचते हैं। इसकी वजह से यात्रा करने वालों का समय और किराया दोनों ही अधिक लगते हैं। ट्रैफिक डायवर्जन से सामान्य वाहनों के साथ ही परिवहन निगम की बसों को घूमकर जाना पड़ता है।इससे यात्रियों पर किराए का बोझ बढ़ेगा।


# प्रसूता की मौत के बाद गंजडुंडवारा सीएचसी में हंगामा

## परिजनों ने लगाया लापरवाही का आरोप लगा, निलंबन की कार्रवाई और रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग पर अड़े

संवाददाता, गंजडुंडवारा

**अमृत विचारः** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गंजडुंडवारा में शिशु को जन्म देने के बाद एक प्रसूता की हालत बिगड़ गई। यहां से जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में प्रसूता की मौत हो गई। इससे गुस्साए परिजनों ने सीएचसी में जमकर हंगामा किया। मृतका के परिवार वाले देर शाम तक डॉक्टर और कर्मचारियों पर लापरवाही का आरोप लगाकर निलंबन की कार्रवाई और रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग पर अड़े रहे। इसका पता लगने पर सीएमओ व भाजपा जिलाध्यक्ष गंजडुंडवारा सीएचसी जा पहुंचे। मगर समझाने के बावजूद देर शाम तक परिजनों ने शव नहीं उठने दिया।


परिजनों से घटना की जानकारी करते पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार


सीएचसी में लटके ताले, डॉक्टर व कर्मचारी लापता। ● अमृत विचार

- देर शाम तक नहीं उठने दिया शव, सूचना पर सीएमओ और भाजपा जिलाध्यक्ष सीएचसी पहुंचे

गंजडुंडवारा क्षेत्र के गांव गजोरा निवासी मोहित की पत्नी ममता (24) को प्रसव पीड़ा होने पर शनिवार पूर्वाह्न 11:30 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गंजडुंडवारा में भर्ती कराया गसर। जहां करीब आधे घंटे बाद ममता ने स्वास्थ्य बच्चे को जन्म दिया। मगर प्रसव के बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी। परिजनों का आरोप है कि सीएचसी के डॉक्टर व कर्मचारियों ने इलाज में लापरवाह की ममता की सेहत पर ध्यान नहीं दिया। इससे उसकी हालत बिगड़ती चली गई।

अपराह्न करीब तीन बजे तबीयत ज्यादा बिगड़ने पर उसे जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। मगर जिला अस्पताल पहुंचने से पहले रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। परिवार वाले प्रसूता का शव घर ले जाने के बजाय सीएचसी ले गए। इस बीच परिवार के अन्य लोग व रिश्तेदार सीएचसी जा पहुंचे। जहां उन्होंने अस्पताल प्रशासन के खिलाफ हंगामा शुरू कर दिया। परिवार वालों का कहना था कि ममता की मौत एसएचसी के चिकित्सक और कर्मियों की लापरवाही की वजह से हुई है। माहौल गर्माया देख डॉक्टर व कर्मचारी अस्पताल के कमरों में ताला डालकर मौके से खिसक गए।

हंगामे का पता लगने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। मगर पुलिस के समझाने के बावजूद परिजन शांत होने को तैयार नहीं थे। इस बीच वहां पहुंचे सीएचसी प्रभारी ने मृतक का के परिवार वालों से बातचीत की। पुलिस ने पंचनामा भरने के बाद शव पोस्टमार्टम हाउस ले जाना चाहा। मगर परिवार वालों ने शव उठाने से रोक दिया।

> प्रसूता की मौत के बाद परिजनों का आक्रोश भड़क गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। आक्रोशित परिजनों को समझाने की कोशिश की, लेकिन वे डॉक्टरों व कर्मचारियों पर कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे। हालांकि अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। – **प्रवेंद्र सिंह,** प्रभारी गंजडुंडवारा कोतवाली

> सीएचसी अधीक्षक मुकेश यादव पर लापरवाही बरतने के आरोप मे निलंबन की रिपोर्ट तैयार की गई है। प्रसव के दौरान मौजूद महिला चिकित्सक व दो नर्सों पर भी कार्रवाई की संस्तुति की गई है। – **राजीव अग्रवाल,** सीएमओ

उनका कहना था कि लापरवाह डाक्टरों व कर्मचारियों के खिलाफ रिपोर्ट और निलंबन की कार्रवाई होने के बाद ही शव को उठने दिया जाएगा। इस घटना का पता लगने पर सीएमओ डॉ. राजीव व भाजपा जिलाध्यक्ष केपी सिंह गंजडुंडवारा सीएचसी जा पहुंचे। देर शाम तक परिवार वालों को समझाने की कोशिश चलती रही। इस दौरान मौके पर पुलिस बल तैनात रहा।

## छात्रा जाहनवी ने पहला और सुलेखा ने पाया दूसरा स्थान


वाद-विवाद प्रतियोगिता में अपने विचार व्यक्त करती छात्रा एवं मंचासीन अथिति।

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- काकोरी ट्रेन शताब्दी समारोह में वाद-विवाद प्रतियोगिता हुई
- विजेता प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर किया पुरस्कृत

**अमृत विचारः** शहर के शारदा जौहरी नगर पालिका कन्या महाविद्यालय में राजनैतिक विभाग द्वारा काकोरी ट्रेन शताब्दी समारोह के दौरान शनिवार को वाद-विवाद प्रतियोगिता हुई। इसमें प्रथम स्थान छात्रा जाहनवी ने हासिल किया, जबकि सुलेखा दूसरे स्थान पर रही। सभी विजेताओं को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिह्न देकर पुरस्कृत किया गया।

एसोसिएट प्रोफेसर भावना टिपल ने मां वाणी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर प्रतियोगिता आरंभ कराई। इसमें स्नातक और परा स्नातक की छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इसमें छात्राओं ने पक्ष और विपक्ष में अपने-अपने तर्क दिए। निर्णायक मंडल ने बीए प्रथम वर्ष की छात्रा जाहनवी दुबे को प्रथम, बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा सुलेखा को द्वितीय और बीए तृतीय वर्ष की छात्रा अर्सी को तृतीय स्थान दिया। विजेता प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह देकर पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता का संचालन अस्सिटेंट प्रोफेसर डा.अनुपमा तिवारी ने किया। इस दौरान डा. सपना, डा. दीपा यादव, डा. ललिता देवी, चेतना मौर्य, अचला वर्मा, सविता, ललिता माहेश्वरी आदि शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

# चोर गैंग का खुलासा, तीन गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचारः** अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस अभियान चला रही है। इसी के तहत पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी। गंजडुंडवारा थाना पुलिस ने तीन बाइक चोरों को गिरफ्तार कर एक बड़े गिरोह का पर्दाफाश किया है। उनके कब्जे से चोरी की नौ बाइकें, तमंचा और मोबाइल बरामद किए।

एसपी अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर पुलिस अभियान चला रही है। एएसपी राजेश भारतीय के नेतृत्व में चलाए गए अभियान में पटियाली सीओ राजकुमार पांडेय ने गंजडुंडवारा पुलिस के सहयोग से सफलता हासिल की।

गंजडुंडवारा कस्बे के समीप से तीन वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। पकड़े जाने वालों में थाना सुन्नगढ़ी के गांव वमनपुरा निवासी बंटी, शहबाजपुर निवासी आरिफ और अजीत नगर निवासी प्रमोद हैं। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी की नौ बाइक, एक तमंचा, मोबाइल बरामद किया है। पूछताछ के दौरान पुलिस ने आरोपियों को बताया कि वह यूपी के अलावा अन्य राज्यों में भी वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम देते हैं। उन्होंने कस्बा सहावर, अमांपुर, गंजडुंडवारा और दिल्ली के सोनियां बिहार क्षेत्र से बाइक चोरी की घटना कबूल की।


गंजडुंडवारा पुलिस की गिरफ्त में आरोपी और बरामद बाइकें। ● अमृत विचार

- चोरी की नौ बाइक, तमंचा और मोबाइल बरामद
- कासगंज के अलावा दिल्ली से भी चोरी करते थे बाइकें

> तीन बाइक चोरों को गिरफ्तार किया गया है। उनके कब्जे से चोरी की नौ बाइक, तमंचा, कारतूस बरामद हुए हैं। पूछताछ के बाद आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया है। –**राजेश भारती,** एएसपी

### तीनों बाइक चोरों का अपराधिक इतिहास

आरोपी आरिफ, बंटी और प्रमोद के विरुद्ध गंजडुंडवारा, अमांपुर और सहावर थाने में बाइक चोरी के चार मामले दर्ज हैं। एक मामला दिल्ली के सोनिया बिहार थाने में दर्ज है। गंजडुंडवारा थाना प्रभारी और सर्विलांस प्रभारी विनय शर्मा की टीम ने चोरों को गिरफ्तार किया है।

# डम्पर और डबल डेकर बस की भीषण भिड़ंत, नौ घायल

संवाददाता, एटा

**अमृत विचारः** एटा कोतवाली देहात क्षेत्र में हिन्दुस्तान लीवर के समीप शनिवार को हाईवे बाईपास कासगंज रोड पर जयपुर से बरेली जा रही प्राइवेट डबल डेकर बस और डंपर के बीच भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त हुई कि बस आगे से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। इसमें चालक-परिचालक समेत नौ यात्री घायल हो गए। सभी घायलों को एटा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। सात यात्रियों को उपचार के बाद घर भेज दिया गया। घायलों में बरेली व पीलीभीत के यात्री शामिल हैं।

जनपद बरेली के बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र के गांव बेनीपुर सादात निवासी बस चालक राजा ने बताया कि वह शुक्रवार देर शाम जयपुर से बस लेकर निकला था। शनिवार सुबह लगभग 8 बजे जीटी रोड बाईपास के सर्विस रोड पर उसकी बस में सामने से आ रहे डंपर ने टक्कर मार दी। टक्कर लगते के बाद बस में चीख-पुकार मच गई। इससे एकत्र हुए लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद बस में फंसे घायलों को बाहर निकाला। पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को मेडिकल कॉलेज पहुंचाया।


दुर्घटना स्थल पर खड़ी क्षतिग्रस्त बस, डम्पर और मौजूद लोग।


हादसे के बाद बस में फंसे यात्रियों को निकालते लोग। ● अमृत विचार

- जयपुर से बरेली जाते समय हिन्दुस्तान लीवर के पास ओवरब्रिज के नीचे हुआ हादसा

**हादसे में घायल हुए यात्री :** घायलों में बरेली के बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र के गांव बेनीपुर निवासी बस चालक राजा (28), बरेली का ही परिचालक आबिद (24), बरेली निवासी गुलफाम (20) पत्नी साबिर, पीलीभीत के जहानाबाद निवासी मुहम्मद अहमद (55), हाफिजगंज थाना क्षेत्र के गांव सेंथल निवासी होरीलाल (35), अरुण कुमार सिंह (18), अनिल कुमार (25), बहेड़ी निवासी वीर सिंह (40), नवाबगंज के ग्राम कंजनपुर निवासी अर्जुन (18) शामिल हैं।

### तेज रफ्तार टेंपो की टक्कर से साइकिल सवार किसान की मौत, भाई घायल

**एटा, अमृत विचार :** जनपद मैनपुरी के कुरावली थानान्तर्गत ग्राम कल्यानपुर निवासी छोटेलाल (48) और उनका भाई मुन्नालाल शनिवार सुबह करीब 10 :30 बजे साइकिल पर अपने खेत में खाद बोने जा रहे थे। मलावन क्षेत्र के गांव महुआखेड़ा के समीप उनकी साइकिल में तेज रफ्तार टेंपो ने (छोटा हाथी) ने टक्कर मार दी। इसमें गंभीर चोटें आने से छोटेलाल की मौके पर मौत हो गई, जबकि मुन्नालाल घायल हो गए। घायल को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया है।

### मिरहची में बेकाबू ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की जान गई

**मिरहची, अमृत विचार :** जनपद कन्नौज के बिधूना थानान्तर्गत ग्राम चित्तरपुर निवासी रामनिवास (49) बाइक पर जा रहे थे। तभी मिरहची के गांव सुपैती के समीप उसकी बाइक में तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। इससे रामनिवास बुरी तरह घायल हो गए। उन्हें फौरन अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। हादसे का पता लगने पर परिजन भी पहुंच गए।

# थाना दिवस में आने वाली शिकायतें न रखें लंबित

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** शनिवार को जिले में थाना समाधान दिवस आयोजित हुआ एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने कोतवाली पटियाली में शिकायतें सुनी। अधीनस्थों को समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए।

एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों से कहा कि थाना दिवस में आने वाले प्रकरणों को लंबित न रखा जाए। समय से निस्तारण करें। यदि शिकायत झूठी निकले तो शिकायतकर्ता के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। एसपी के समक्ष तीन प्रकरण जमीनी विवाद के रखे गए। जिनके निराकरण के लिए राजस्व एवं पुलिस की टीम गठित की गई।


कोतवाली पटियाली में शिकायतें सुनतीं एसपी अपर्णा रजत कौशिक व अन्य।

- एसपी ने थाना पटियाली में सुनीं शिकायतें

सदर कोतवाली में एएसपी राजेश भारती, एसडीएम संजीव कुमार एवं सीओ सदर विजय कुमार राना के समक्ष नौ शिकायतें पहुंचीं। दो का मौके पर निस्तारण किया गया। सात के लिए टीम बनाई गई है। थाना सहावर में एसडीएम कोमल पवार एवं सीओ शाहिदा नसरीन ने शिकायतें सुनीं। इसके अलावा सोरों कोतवाली, गंजडुंडवारा, सिढ़पुरा, अमांपुर, सुन्नगढ़ी, सिकंदरपुर वैश्य में थाना समाधान दिवस लगाकर शिकायतें सुनी गईं और उनका निस्तारण किया गया।

## पुलिस ने मारपीट का आरोपी दबोचा

**एटा, अमृत विचारः** पिलुआ थाना पुलिस ने मारपीट की घटना में फरार चल रहे आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। गांव बरई निवासी सोनू पुत्र सियाराम पुलिस को बताया था कि वह अपनी दुकान पर बैठा था तभी अवधेश व विमल पुत्रगण जयवीर निवासीगण नगला लच्छी थाना पिलुआ तथा खचेर पुत्र रामदीन निवासी नगला इमलिया थाना पिलुआ व एक अन्य अज्ञात व्यक्ति दुकान के सामने शराब पीने लगे पीडित के पिता द्वारा मना किया गया। इसके बाद उपरोक्त लोगों ने वादी के परिजनों के साथ मारपीट की तथा तमंचा लहराते हुए धमकी देकर भाग गए।

# तिरंगा यात्रा सफल बनाने का लिया संकल्प

संवाददाता, पटियाली

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी पटियाली मंडल के द्वारा कस्बा पटियाली के भागवत राष्ट्रीय इंटर कॉलेज में हर घर तिरंगा अभियान की कार्यशाला हुई। कार्यशाला में चंदन गुप्ता को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। कार्यकर्ताओं से घर-घर तिरंगा लगाने का आह्वान किया। कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि शिशुपाल सिंह राठौड़ एवं मुख्य वक्ता जितेंद्र बघेल ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं पंडित श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्र के समक्ष दीप जलाकर किया। इसके बाद कार्यकर्ता एवं अतिथियों ने तिरंगा यात्रा के दौरान गोली लगने से जान गवां चुके चंदन गुप्ता को श्रद्धांजलि दी। शिशुपाल राठौड़ ने कार्यशाला में हर घर तिरंगा अभियान सफल बनाने के लिए कार्य योजना बनाई। स्वतंत्रता दिवस पर युवा मोर्चा के द्वारा बाइक रैली, शहीद स्मारकों पर माल्यार्पण आदि कार्यक्रम आयोजित होंगे।


भारतीय जनता पार्टी पटियाली मंडल की बैठक में मौजूद अतिथि व कार्यकर्ता।

- तिरंगा यात्रा में जान गंवाने वाले चंदन को दी गई श्रद्धांजलि

## सराफ से लूट का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

**जलेसर।** कस्बा जलेसर के मोहल्ला पंसारियान निवासी सराफ सतीश चंद्र ने पुलिस को बताया था कि वह अपनी दुकान पर जा रहे थे। तभी बाइक पर सवार दो युवक उनका बैग लूटकर भाग गए। बैग में छह हजार रुपये, एक सोने की अंगूठी व अन्य दस्तावेज थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर लुटेरों की तलाश शुरू कर दी। छानबीन के दौरान पुलिस ने आरोपी गौरव पुत्र चंद्रपाल निवासी तुलसी का बांस थाना एत्मादपुर आगरा व छोटू उर्फ पुष्पेंद्र पुत्र राजन निवासी नगला बबूल थाना जलेसर को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास 24 सौ रुपये व तमंचा बरामद हुआ।



## माता-पिता के लिए श्रवण कुमार बने तीन भाई



**एटा, अमृत विचार :** पाश्चात्य संस्कृति हावी होने के बावजूद तमाम युवा अपने माता-पिता के प्रति सच्ची श्रद्धा रखते हैं। शनिवार को तीन युवकों को माता-पिता को खटोला में बैठाकर ले जाते लोगों ने देखा। उन्होंने बांस के दोनों किनारों पर रस्सी के सहारे खटोले बांधकर उसमें माता-पिता को बैठा रखा था। वह सोरों लहरा घाट से गंगा जल लेकर टूण्डला के पमारी स्थित महादेव मंदिर जा रहे थे। वहां वह माता-पिता को अभिषेक कराएगा। टूण्डला के पमारी निवासी सोनू, राजवीर सिंह, अमर सिंह, सोन देवी अपने माता-पिता को सोरों के लहरा घाट गंगा स्नान कराने लाए थे।

## सांड़ ने हमला कर किसान की जान ली

**एटा,अमृत विचारः** जिले में छुट्टा पशु हमलाकर लोगों की जान लिए जा रहे हैं। थाना निधौलीकलां क्षेत्र के खंगारपुर में शुक्रवार रात सांड ने हमलाकर एक किसान की जान ले ली। इसकी जानकारी मिलने पर मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया।

निधौलीकलां के गांव खंगारपुर निवासी 40 वर्षीय कालीचरन खेती करके परिवार का भरण पोषण करते थे। शुक्रवार को खेत में कालीचरन का शव पड़ा मिला। पत्नी गायत्री देवी ने बताया कि नौ अगस्त को सुबह 10 बजे कालीचरन अपने खेतों पर धान की सिंचाई एवं रखवाली करने गए थे। रात में करीब 8 बजे खेत पर सांड़ आ गया। कालीचरन ने भगाने का प्रयास किया तो उन्हें सांड़ ने दौड़ा लिया। भागते समय वह जमीन पर गिर गए। तभी उन पर सांड़ ने हमला कर दिया, जिससे कालीचरन की मौत हो गई।

# बारिश पर भारी पड़ी आस्था, नहीं रुके कांवड़ियों के कदम

## तीर्थ नगरी सोरों में छाया केसरिया रंग, जयकारों से गूंज रहा लहरा गंगा घाट

संवाददाता, सोरों जी

**अमृत विचारः** सावन मास के चलते सोरों से लेकर कासगंज, एटा, सिकंद्राराऊ तक चारों ओर का वातावरण शिवमय नजर आ रहा है। हर तरफ कांवड़िया कांधे पर आस्था की कांवड़ लेकर जाते दिख रहे हैं। बारिश में भी उनके कदम नहीं डगमगा रहे हैं। दिन और रात का कोई असर नहीं है।

शनिवार को यूपी के अलावा दूसरे राज्यों के कांवड़िया सोरों के लहरा घाट गंगाजल लेने पहुंचे। सावन के चौथे सोमवार को लेकर अभी से उल्लास दिखाई दे रहा है। भक्ति में डूबे आस्था के पथ पर कांवड़िया मंजिल की ओर बढ़ते जा रहे हैं। उन्हें दिन में गर्मी और न रात को अंधेरे का डर है। रिमझिम फुहार गिर रही हो या तेज बरसात उनके कदम नहीं रुक रहे हैं।

**हर समय सेवा में जुटी पुलिस :** कांवड़ियों की सेवा में पुलिस हर समय जुटी रहती है। जगह-जगह पुलिस के जवान तैनात है, जो जरूरत पर शिव भक्तो को सहारा दे रहे हैं।

**ट्रैफिक डायवर्जन का कराया जा रहा पालन :** यातायात पुलिस ने कांवड़ियों की सुविधा के मद्देनजर यातायात व्यवस्था बनाई है। रूट डायवर्जन के तहत अलीगढ, हाथरस की ओर से आने वाले भारी वाहन और परिवहन निगम की बसें एटा होकर नदरई से पहले बाईपास कासगंज पहुंचेगी। बदायूं-बरेली की ओर से आने वाले भारी वाहन बदायूं के कादरगंज पुल से सिकंद्रपुर वैश्य की ओर से सहावर, अमांपुर होते हुए अमरपुर घाट बाईपास से एटा की ओर निकाले जायेंगे। वहीं, इन दोनों जिलों से कासगंज आने वाली परिवहन निगम की बसें वन-वे ट्रैफिक से बस स्टैंड तक पहुंचेंगी।


लहरा गंगा घाट से जल भरकर ले जाते कांवड़िया। ● अमृत विचार


कांवड़ियों की सेवा के लिए सोरों गेट चौकी पर तैनात पुलिस। ● अमृत विचार

### जरूरी होने पर घर से निकलें बाहर

सीओ यातायात विजय राना ने बताया कि इस बार कांवड़ियों की संख्या अधिक उमड़ने की संभावना है। रविवार दोपहर से कांवड़ियों की भीड़ बढ़ने लगेगी। इसलिए बेहद जरूरी होने पर ही दोपहर बाद घर से निकलें। उन्होंने कहा है कि दोपहर दो बजे के बाद ही घर से निकलें जब अति आवश्यक हो और निकलने के बाद सड़कों पर यातायात के नियमों का पालन अवश्य करें।

> यातायात व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए रूट चार्ट प्रभावी किया गया है। यातायात और थाना पुलिस कांवड़ियों की सेवा और सुविधा के लिए लगाई गई है। फोरलेन सड़क को एटा रोड के मिरहची तक वन-वे किया गया है। – **विजय राणा,** सीओ यातायात

